**Regarding need to increase flight services at Kanpur Airport and upgrade existing infrastructure-laid**

श्री देवेन्द्र सिंह उर्फ भोले सिंह **(**अकबरपुर**) :** कानपुर भारत का एक प्रमुख औद्योगिक नगर और शैक्षणिक केन्द्र है । कानपुर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान , हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर, रक्षा उत्पाद विनिर्माण केंद्र, राष्ट्रीय शकर्रा संस्थान, सबसे अधिक आयुध निर्माणी के साथ अपने चमड़ा, अद्योगों के लिए विश्वप्रसिद्ध हैं । कानपुर शहर क्षेत्र में हवाई यात्रा केअधिक बढ़ावा देने के लिए 1.अधिक उड़ानों की शुरुआत कानपुर हवाई अड्डे से अन्य शहरों जैसे हैदराबाद, कोलकाता, अहमदाबाद, चेन्नई के साथ कानपुर से दिल्ली के लिए सुबह और शाम के लिए अतिरिक्त उड़ानों की शुरुआत की जाए । 2. कानपुर चित्रकूट और झाँसी मंडल के एक दर्जन जनपदों के यात्रियों कों अवागमन के लिए रात्रि पार्किंग की सुविधा कानपुर हवाई अड्डे मे होने पर विमानों के लिए उड़ान संचालन में सुविधा होने के साथ ही एयरलाइंस के लिए शेड्यूलिंग में लचीलापन सुनिश्चित होगा । 3. वॉच टावर्स का विस्तार: कानपुर हवाई अड्डा एक सिविल एन्क्लेव है जिसमें वायु यातायात प्रचालन के लिए ए.टी.सी वॉच टावर्स भारतीय वायु सेना (IAF) द्वारा की जाती है । सुचारू और अधिक कुशल संचालन सुनिश्चित करने के लिए, कानपुर हवाई अड्डे पर ए.टी.सी वॉच टावर्स का विस्तार इससे बढ़ती उड़ानों को समायोजित किया जा सकेगा और अधिक लचीले उड़ान शेड्यूल की सुविधा मिलेगी, जिससे कुल मिलाकर संचालन की दक्षता में सुधार होगा ।